एक नजर में

## पट्टन में हुआ गीता जयंती पर गीता पाठ

**मुलताई।** प्रभात पट्टन में सोमवार को उत्कृष्ट विद्यालय में विकासखण्ड स्तरीय गीता जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी आंचल पवार,विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी आशीष शर्मा,बीआरसी एस. खपरिया, प्राचार्य व्ही.पोपले एवं विकासखण्ड के समस्त प्राचार्य, समस्त संस्कृत शिक्षक, गायत्री परिवार के योगेश सराटकर, सुभाष मस्की उपस्थित रहे। गुरुवंदना अजाबराव पवार द्वारा एवं गीता के 15 वे अध्याय का वाचन एवं भावार्थ संजय पाठक,देवराव पांचे, गीता साहू,दीपक बारपेटे द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे आशीष शर्मा, गीता साहू,एवं छात्रों द्वारा भजन प्रस्तुत किए गए।सीईओ आंचल पवार, बीईओ आशीष शर्मा, सरपंच विश्वनाथ धोटे ने श्रीमाद्भगवद् गीता पर अपना उद्बोधन दिया। कार्यक्रम का समापन माँ गीता की आरती से किया।

## वार्ड 21 में जन स्वास्थ्य की अनोखी पहल

**पाथाखेड़ा।** सारनी नगर पालिका सरनी द्वारा महात्मा फुले वार्ड नंबर 21 में जन स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए एक सराहनीय कदम उठाया गया है। वार्ड क्षेत्र में खुले पार्कों व सार्वजनिक स्थलों पर अलग-अलग प्रकार के व्यायाम यंत्र स्थापित किए गए हैं, जिससे अब बच्चे, महिलाएँ, बुजुर्ग एवं युवा सभी नि:शुल्क इनका लाभ उठा रहे हैं। शरीर को स्वस्थ और सक्रिय रखने की यह पहल स्थानीय लोगों में उत्साह का नया संचार कर रही है। स्थाई नागरिकों ने बताया कि यह व्यायाम यंत्र लगवाने की पहल वार्ड 31 मनोज डहेरिया पार्षद व नगर पालिका अधिकारी सी.के. मेश्राम की देखरेख एवं मार्गदर्शन में यह स्वास्थ्यङ्कउन्मुख योजना क्रियान्वित की गई है। उनका उद्देश्य है कि हर नागरिक बिना किसी खर्च के स्वस्थ जीवन शैली अपनाए तथा शारीरिक फिटनेस के प्रति जागरूक बने। यंत्रों के उपयोग से न केवल व्यायाम की सुविधा मिल रही है, बल्कि लोगों के बीच मेल-मिलाप और सामाजिक एकता भी प्रगाढ़ हो रही है। बच्चों में उल्लास, युवाओं में फिटनेस के प्रति जागरूकता और बुजुर्गों में स्वास्थ्य सुधार की आशा ने पूरे क्षेत्र में खुशनुमा वातावरण निर्मित कर दिया है। नगर पालिका द्वारा जन स्वास्थ्य के प्रति यह नवाचार निश्चित ही सराहनीय एवं प्रेरणादायक कदम माना जा रहा है।

## मिनी स्टेडियम में 500 विद्यार्थियों ने एक साथ किया गीता पाठ

**मुलताई।** गीता जयंती के अवसर पर सोमवार को नगर के मिनी स्टेडियम में विद्यार्थियों ने सस्वर गीता पाठ किया। सामूहिक सस्वर गीता पाठ का शुभारंभ जनपद अध्यक्ष नानहीबाई डहारे,एसडीएम राजीव कहार, तहसीलदार डॉ संजय बरैया,जनपद सीईओ डीएस मशराम,सीएमओ वीरेंद्र तिवारी, बीईओ सक्षम बारमाटे ने किया। एसडीएम राजीव कहार ने कहा गीता पाठ से आध्यात्मिक शक्ति का विकास होता है और जीवन पथ सुचारू रूप से संचालित होता है। बच्चों को पंडित सौरभ जोशी एवं गायत्री परिवार के घुड़क्या देशमुख,सुदामा पाठेकर,नानहूलाल खपरिये ने गीता पाठ कराया। इस अवसर पर पिरथीलाल डहारे, सांदीपनि प्राचार्य संदीप गणेशे, कन्या शाला प्राचार्य प्रमोद नरवरे एवं नवीन हायर सेकेण्डरी प्राचार्य नीलिमा गार्गव विशेष रूप से उपस्थित थे।

# स्वरोजगार मूलक योजनाओं में शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल की जाए

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 1 दिसंबर. विभिन्न विभागों की स्वरोजगार मूलक योजनाओं में शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल की जाएं। यह निर्देश कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित समयसीमा की बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए।**

एसडीईएम को दिये मेडिकल स्टोर्स की जांच के निर्देश

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा



उन्होंने टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना में अपेक्षित प्रगति नहीं लाने पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को कैंप आयोजित कर निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रकरणों को स्वीकृत और वितरित भी कराने के निर्देश दिए। उन्होंने उप संचालक उद्यानिकी को भी प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना में प्रगति लाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने मत्स्य विभाग और पशुपालन विभाग को भी किसान क्रेडिट कार्ड के प्रकरणों के निराकरण में गति लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने जिले में प्रगतिरत निर्माण कार्यों की समीक्षा कर निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण रूप से समय पर पूर्ण कराएं। उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों में वन विभाग संबंधी अनुमतियां शीघ्र प्राप्त करने के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने भावांतर भुगतान योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा कर सभी मंडियों में व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंडियों में किसानों के लिए माकूल प्रबन्ध रहे। उन्होंने मुख्य नगरपालिका अधिकारी मुलताई को ताप्ती मेले में पार्किंग संबंधी मुद्दे का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर मकसूद अहमद सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहें।

**राजस्व प्रकरणों के निराकरण के दिये निर्देश :** कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने राजस्व प्रकरणों की भी तहसीलवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी राजस्व प्रकरणों के निराकरण में कोताही न बरते। नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, धारणाधिकार एवं स्वामित्व योजना के प्रकरण अनावश्यक लंबित न रहे, उनका समय पर निराकरण सुनिश्चित कराएं। भू अर्जन के प्रकरणों का भी प्राथमिकता से निराकरण कराएं।

### मेडिकल स्टोर्स के निरीक्षण करने के निर्देश

कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने सभी एसडीएम को अपने क्षेत्र में चिकित्सक के साथ मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा निर्धारित मानकों का पालन नहीं पाए जाने पर दुकान संचालक के विरुद्ध कार्यवाही भी की जाएं। उन्होंने खनिज अधिकारी को अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर भी प्रभावी कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने निकाय क्षेत्रों में अलाव व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित कराए।

### सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा

कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने बैठक में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की भी विभागवार समीक्षा की। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण किया जाएं। आगामी 10 दिसंबर तक लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण कराएं। उन्होंने कहा कि वित्तीय आवंटन के प्रकरण लंबित न रहें। उन्होंने सभी जनपद सीईओ को सख्त निर्देशित किया कि जिला अधिकारियों से समन्वय कर प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण किया जाएं। समन्वय के अभाव में शासकीय काम में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि शासन द्वारा विभिन्न समितियों का गठन किया गया हैं। ये सभी समितियों की बैठक निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से कराना सुनिश्चित कराएं।

# मालेगांव मे हो रही थी गांजे की खेती,गांजे के 30 पेड़ जप्त, केस दर्ज

**मुलताई। थाना क्षेत्र के ग्राम मालेगांव में गांजे की खेती हो रही थी, सूचना मिलने और पुलिस टीम द्वारा गांव पहुंचकर खेत से गांजे के 30 पेड़ जप्त कर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज गिरफ्तार किया है।**

लगभग 15 हजार रुपये बताई जा रही कीमत

आरोपी को न्यायालय में किया पेश



टीआई नरेंद्र सिंह परिहार ने बताया मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम मालेगांव स्थित एक खेत में अवैध रूप से उगाए गए गांजे के पौधों को उखाड़कर सुखाया जा रहा है। सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर पुलिस टीम को तत्काल रवाना किया गया। पुलिस टीम मुखबिर के बताए स्थान पर पहुंची, जहां खेत में एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में घूमता मिला। पूछताछ में उसने अपना नाम दुर्गेश पिता महादेव सराठकर उम्र 32 वर्ष, निवासी मालेगांव बताया।उसके खेत की तलाशी लेने पर अरहर की फसल के किनारे सफेद रंग की प्लास्टिक की त्रिपाल पर सुखाए हुए गांजे के पौधे रखे मिले, जिनसे गांजे की तीव्र गंध आ रही थी। मौके पर छोटे-बड़े कुल 30 पौधे मिले, जिनका वजन 10 किलो 310 ग्राम तथा कीमत लगभग 15 हजार रुपए बताई जाती है। पुलिस द्वारा आरोपी दुर्गेश के खिलाफ धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जप्त मादक पदार्थ सहित थाने लाकर आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है। उक्त कार्रवाई में टीआई नरेन्द्र सिंह परिहार, उपनिरीक्षक दिनेश कुमरे, प्रधान आरक्षक गजराज, आरक्षक कमलेश, प्रिंस, एवं नरेन्द्र कुशवाह की सराहनीय भूमिका रही।

# जिला स्तरीय तकनीकी समूह की बैठक आयोजित

**बैतूल।** वर्ष खरीफ 2026 एवं रबी 2026-27 के लिए फसल ऋणमान तथा पशुपालन एवं मत्स्य पालन ऋणमान निर्धारण के लिए सोमवार को कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय तकनीकी समूह की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले की प्रमुख खरीफ फसलें सोयाबीन, धान, मूंगफली, मक्का, ज्वार, तुअर, उड़द, मूंग एवं सूरजमुखी तथा रबी फसलें गेहूं (सिंचित/असिंचित),चना, गन्ना, सरसों, मसूर, फल-सब्जियां, मसाला एवं पुष्प फसलें शामिल रहीं। बैठक में उन्नतशील किसानों, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशुपालन एवं



मत्स्य विभाग, कृषि विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों तथा बैंकर्स कोऑर्डिनेटर्स से विस्तृत विचार-विमर्श के बाद सभी फसलों एवं गतिविधियों के लिए ऋणमान निर्धारित किए गए। बैठक में उप संचालक कृषि डॉ. आनंद बडोनिया, जिला अग्रणी प्रबंधक (लीड बैंक) आशुतोष कुमार सिंह, उपायुक्त सहकारिता केके शिव, भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधि दीपक कपूर, सतीष पाठा एवं आलोक वर्मा, कृषि विज्ञान केंद्र बैतूल बाजार के कृषि वैज्ञानिक आरबी बारपेटे सहित संबंधित बैंकर्स कोऑर्डिनेटर्स उपस्थित रहे।

# आदिवासी कर्मचारी अधिकारी संगठन की कार्यकारिणी गठित

**बैतूल।** आदिवासी सामुदायिक मंगल भवन बैतूल में आदिवासी कर्मचारी अधिकारी संगठन आकास जिला बैतूल का वार्षिक सम्मेलन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। सम्मेलन में जिले के दसों विकासखंडों से सैकड़ों सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिला स्तरीय नई कार्यकारिणी का गठन था। निर्वाचन प्रक्रिया प्रांतीय सचिव आकास मध्य प्रदेश विनोद मर्सकोले तथा सह-निर्वाचन अधिकारी एवं जिला उपाध्यक्ष आकास छिंदवाड़ा जीएस उईके की देखरेख में पूरी पारदर्शिता के साथ सम्पन्न की गई। इनके मार्गदर्शन में सर्वसम्मति से नई जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में अखिलेश कवडे को जिला अध्यक्ष, संजय धुर्वे को कार्यकारी जिलाध्यक्ष बनाया गया। उपाध्यक्ष पद पर रामकुमार उइके, गजानंद कोड़ापे, राजू आहके और प्रीतम पाखरे का चुनाव किया गया। संगठन के महासचिव पद की जिम्मेदारी सीताराम मर्सकोले, श्रीमती कंचना धुर्वे और अनिल डाबर को सौंपी गई। प्रांतीय महासचिव एसएस मरकाम और प्रांतीय मीडिया प्रभारी सोहन लाल धुर्वे की गरिमामयी उपस्थिति में हुए चुनाव में जिला कोषाध्यक्ष के रूप में विनोद धुर्वे, सचिव के रूप में सुनील कुमार सलाम का चयन हुआ।

# मौसमी आर्य को मिली पीएचडी की उपाधि

**बैतूल। नगर परिषद चिचोली में रहने वाली डॉ. मौसमी आर्य जिन्होंने अब पीएचडी उपाधि का सम्मान पाकर अपने परिजनों सहित नगर ही नहीं अपितु जिले को भी गौरांवित किया हैं।**

चिचोली के अनाज व्यापारी स्व. कमल आर्य की पोती व एकके ट्रेडर्स के संचालक संजय आर्य व साधना आर्य की बेटी ने अपनी पढ़ाई में गहन अध्ययन कर पीएचडी डिग्री प्राप्त की। डॉ. मौसमी आर्य वर्तमान समय भोपाल में असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं। मौसमी आर्य ने अपने शोध विषय इफेक्टिव एप्रोच फॉर आईडेंटिफिकेशन फॉर हार्टअटैक



यूजिंग डाटा माईनिंग इन कंप्यूटर साइंस से विशेष उपाधि हासिल की हैं। डॉ. मौसमी आर्य, डॉ. मोहित आर्य व डॉ. योगेश आर्य की बहन हैं। अब मौसमी आर्य के पीएचडी होल्डर बन जाने से एक ही परिवार में तीन डॉक्टर होने पर परिवार ही नहीं बल्कि पूरे कलचुरी कलार का नाम और गौरान्वित हुआ है। मौसमी आर्य घोड़ाडोंगरी निवासी वरिष्ठ पत्रकार स्व. राधेश्याम मालवीय की नातिन हैं। मौसमी आर्य ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा चिचोली नगर के हिंदी मीडियम स्कूल से प्रारंभ की थी। इसके बाद उनकी प्रतिभा और कडी मेहनत ने उन्हें इस मकाम तक पहुंचाया। मौसमी आर्य ने बताया कि उन्हें जितनी खुशी डिग्री प्राप्त होने की है, उससे अधिक खुशी इस बात की है कि उन्होंने अपने दादाजी व नानाजी के सपनों को साकार कर पाई हैं, उन्हें इस बात का दुख भी है कि आज इस खुशी के अवसर पर उनके दादा व नाना इस खुशी को बांटने के लिए उनके साथ नहीं है।

# 8 फरवरी को होगी कोरकू समाज की महापूजा

**बैतूल।** आगामी 8 फरवरी को जिला मुख्यालय पर कोरकू समाज द्वारा आयोजित होने वाली महापूजा को लेकर चिचोली की ब्लॉक स्तरीय बैठक ग्राम आमापुरा में संपन्न हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में दर्जनों गांवों के कार्यकर्ता शामिल हुए और महापूजा की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में यह तय किया गया कि महापूजा की सूचना हर ग्राम तक पहुंचाई जाएगी, जिसके लिए कार्यकर्ताओं ने स्वयं जिम्मेदारी ली। जिला पदाधिकारियों द्वारा सर्वसम्मति से संजय चौहान को चिचोली ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही महापूजा के प्रचार-प्रसार को तेज करने के लिए सैकड़ों गांवों के ग्राम अध्यक्ष भी घोषित किए गए। बैठक में समाज के वरिष्ठ जन, जिला पदाधिकारी, भीमपुर व भैसदेही के प्रभारी सहित सैकड़ों समाजजन उपस्थित रहे। संगठन के बंडू लिखितकर ने बताया कि अगले एक-दो हफ्तों में सभी ट्राइबल ब्लॉकों में ब्लॉक स्तरीय बैठकें आयोजित की जाएंगी, जिनमें जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी और ब्लॉक की बॉडी तैयार की जाएगी, ताकि महापूजा जिले में भव्य रूप से आयोजित हो सके।

# जलावर्धन राशि वापसी तक जारी रहेगा आंदोलन

**सारनी।** जल आवर्धन की चार हजार की राशि वापसी तक आम आदमी पार्टी का आंदोलन जारी रहेगा। उपरोक्त उदगार आम आदमी पार्टी प्रदेश कोर कमेटी सदस्य अजय सोनी ने छठवां जन संवाद एवं हस्ताक्षर अभियान के दौरान वार्ड क्रमांक 29 पाथाखेड़ा में वक्त किये है। उन्होंने कहा कि भाजपा शासित नगर पालिका में जन विरोधी प्रस्ताव नल कनेक्शन राशि घरेलू 4000 रु प्रति परिवार एवं 150 रु प्रति माह का पारित किया गया है। इतना ही नहीं नागरिकों के निवास में जाकर दरवाजों पर नोटिस चस्पा किया जा रहा हैं, ये आदेश तानाशाही को



दर्शाता हैं। श्री सोनी ने कहा कि नपा क्षेत्र के समस्त वार्डो में मध्यप्रदेश जोड़ो अभियान के तहत जन संवाद एवं हस्ताक्षर अभियान चल रहा है। आदमी पार्टी के जन संवाद कार्यक्रम में हस्ताक्षर अभियान मे लोग बढ-चढ़कर कर हिस्सा ले रहे है। पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रमेश भूमरकर ने बताया कि मंगलवार को शाम 4 बजे से जन संवाद एवं हस्ताक्षर अभियान चलाया जायेगा। जिसमें वार्डवासियों को जनहितैसी कार्यक्रम में समय के पूर्व शामिल होने के लिए अपील की गई हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती पर गूंजी श्रीमद्भगवद्गीता की दिव्य ध्वनि

**बैतूल। शिवाजी ओपन ऑडिटोरियम में अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती का भव्य एवं आध्यात्मिक आयोजन बड़ी श्रद्धा, सौहार्द और दिव्य भावनाओं के साथ संपन्न हुआ।**

कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाई बारस्कर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, सुधाकर पवार, जिला शिक्षा अधिकारी अनिल सिंह कुशवाह, मुख्य नगरपालिका अधिकारी सतीश मतसेनिया, जिला परियोजना समन्वयक (जिला शिक्षा केन्द्र) भूपेंद्र वरकड़े, जनपद सीईओ शिवानी राय सहित अन्य अधिकारी एवं



बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर मंगलाचरण एवं श्रीमद्भगवद्गीता के पावन पाठ से हुआ। समारोह को संबोधित करते हुए सुधाकर पवार ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती का यह पावन दिवस हम सभी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से इस आयोजन के लिए विशेष प्रेरणा मिली है, जिसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री को हार्दिक धन्यवाद और साधुवाद दिया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि आज आवश्यकता है कि हम आधुनिक समय में हमारे पवित्र ग्रंथ और धार्मिक परंपराएँ संरक्षित करें और भावी पीढ़ी को इनके महत्व के प्रति जागरूक करें। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों को गीता का ज्ञान कराने पर बल देते हुए कहा कि गीता को हमारी शिक्षा व्यवस्था और बच्चों की पढ़ाई से जोड़ना समय की महती आवश्यकता है। गीता जयंती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिवस उस पवित्र क्षण को समर्पित है जब भगवान श्रीकृष्ण ने महाभारत के कुरुक्षेत्र युद्ध में अर्जुन को अमृततुल्य गीता का ज्ञान दिया था।

**आरोप** — वसूली से ज्यादा कर्मचारियों की पगार, प्रतिमाह दो लाख का होता है बंटवारा

# पांच साल से बाजार वसूली में चल रहा गड़बड़ घोटाला, जांच तक नहीं

नवभारत न्यूज

**सारणी, 1 दिसंबर. जिले की सबसे बडी नगरपालिका परिषद सारनी भ्रष्टाचार एवं कमीशनखोरी के चलते हमेशा सुर्खियों मे बनी रहती है। नपा के कारनामो की परते रोजाना खुल रही है।**

इस बार साप्ताहिक बाजार एवं गुजरी वसुली मे करीबन पांच साल से गडबड घोटाला करने का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि नपा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तीन सप्ताहिक बाजार एवं गुजरी वसुली का ठेका प्रतिवर्ष 15 लाख के आसपास दिया जाता था। भाजपा शासित नपा में पांच साल से बाजार वसूली का ठेका नहीं हुआ है। इसी वजह से बाजार




एवं गुजरी की वसूली नपा के कर्मचारी कर रहे है। नपा के कर्मचारी तीनो साप्ताहिक बाजार की वसूली मात्र 25 से 26 हजार जमा कर रहे है, जबकि ठेकेदार के आदमी तीनो साप्ताहिक बाजार की वसूली 60 से 70 हजार करते थे। इस बात से अंदाज लगाया जा सकता है कि बाजार वसूली में नपा का राजस्व अमला प्रतिमाह डेढ से दो लाख का गोलमाल कर रहे है। आरोप है कि बाजार वसूली की कमाई से अध्यक्ष, सीएमओ एवं बाजार वसूली में लगे कर्मचारी अपनी जेब भर रहे है। बताया जाता है कि साप्ताहिक बाजारों एवं गुजरी वसुली में लगे कर्मचारियों की पगार वसुली से ज्यादा है। बाजार वसूली ठेका प्रथा बंद करने के बाद परिषद स्वयं बाजार वसूली कर रही है। जिसमें गड़बड़ घोटाले के आरोप लग रहे है। सवाल यह उठता है कि कांग्रेस के पार्षद इस मामले मे क्यों चुप्पी साधे हुए है। इस मामले में कांग्रेस पार्षदो की भूमिका भी सवालों के घेरे में नजर आती है। सूत्रों बताते है कि बाजार वसूली में अध्यक्ष एवं सीएमओ ने अपने खास कर्मचारियों को लगा रखा है। इन कर्मचारियों के द्वारा कुछ नेताओं के घर पर साग-सब्जी और फल फ्रुट पहुंचने का काम किया जाता है। जिसकी वजह से बाजार वसूली पर पर्दा डला रहता है। इस मामले की जांच में बड़ा घोटाला सामने आ सकता है।

> परिषद ने बाजार वसूली के ठेके पर रोक लगाकर नपा कर्मचारियों को वसूली की जिम्मेदारी दी है। तीनो साप्ताहिक बाजारों से कितनी वसूली हो रही है, इसकी जानकारी नहीं है।
>
> **दशरथ सिंह जाट,** सभापति, राजस्व विभाग नपा सारनी
>
> राजस्व विभाग दो माह पहले तक शाक्य साहब देखते थे। शाक्य के मुलताई सीएमओ बनने के बाद मुझे केवल फाइले साइन के लिए आती है। नपा कर्मचारी जशवंत विश्वकर्मा पूरा काम देखते है।
>
> **सुखदेव भोरपी,** प्रभारी राजस्व विभाग, नपा सारनी

# सिर्फ कागजों में नपा का स्वच्छता अभियान

**पाथाखेड़ा।** शहर को स्वच्छता में नम्बर-1 बताने वाले दावों की पोल एक बार फिर खुलकर सामने आ रही है। नगरपालिका कार्यालय में बार-बार शिकायत, फोन और संदेश भेजने के बावजूद वार्ड क्रमांक 21 की मूलभूत समस्या का समाधान अब तक नहीं हो पाया है। नगर पालिका स्वच्छता अभियान में स्वयं को श्रेष्ठ बताती है, परंतु जमीनी स्थिति इसके बिल्कुल विपरीत दिखाई देती है। वार्ड 21 में मुख्य सड़क किनारे स्थित प्रमुख सार्वजनिक हैंडपंप के पास बनी नाली बरसों से जाम है, जो अब कचरे, कीचड़ और सड़ांध का बड़ा केंद्र बन चुकी है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि यह हैंडपंप वार्ड 21, 22 व 23 तीनों वार्डों का मुख्य पेयजल स्रोत है। पाइपलाइन से पानी की आपूर्ति प्रभावित होने



पर अधिकांश लोगों की निर्भरता इसी हैंडपंप पर रहती है, लेकिन नाली भरने और सफाई न होने से आसपास पूरा क्षेत्र दलदल के रूप में बदल चुका है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई दिनों से लगातार शिकायतें की जा रही हैं, परन्तु नगर पालिका की ओर से न तो सफाई कराई गई और न ही मरम्मत कार्य आरंभ हुआ। बदबूदार पानी, सड़े कचरे और मच्छरों का प्रकोप इतना बढ़ चुका है कि यहां डेंगू के मामले पहले भी सामने आ चुके हैं। पास ही स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर से रोजाना बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरुष इसी हैंडपंप से पानी भरने आते हैं, जिन्हें इस दुर्गंध और गंदगी को पार कर जाना पड़ता है। रहवासियों ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि नपा शीघ्र समाधान नहीं करती, तो वे लिखित शिकायत दर्ज कराएंगे।